# मेरे श्याम प्रभु इस जीवन का बस तू ही एक सहारा है लिरिक्स

मेरे श्याम प्रभु इस जीवन का,
बस तू ही एक सहारा है,
मैं कुछ भी नहीं तुझ बिन बाबा,
तू ही आधार हमारा है,
मेरे श्याम प्रभू इस जीवन का,
बस तू ही एक सहारा है।bd।
**mere shyam prabhu is jeevan ka lyrics**
तर्ज – दिल लूटने वाले जादूगर।

---

तू फिकर हमारी करता है,
हम जीकर तुम्हारा करते है,
मेरे श्याम धणी हम दोनों का,
ये रिश्ता कितना प्यारा है,
मेरे श्याम प्रभू इस जीवन का,
बस तू ही एक सहारा है।bd।

---

होती है कभी तकलीफ कोई,
दिल हँसते हँसते सह लेता,
बेफिकर मैं रहता हूँ क्योंकि,
दिल में विश्वास तुम्हारा है,
मेरे श्याम प्रभू इस जीवन का,
बस तू ही एक सहारा है।bd।

---

मेरी सोच से पहले तू बाबा,
मेरे बारे में सोचता है,
तूने अपनी कृपा से हर पहलु,
जीवन का मेरे सवारा है,
**Bhajan Diary Lyrics,**
मेरे श्याम प्रभू इस जीवन का,
बस तू ही एक सहारा है।bd।

---

आधी रोटी खाए 'कुंदन',

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

चाहे भर के व्यंजन थाल मिले,
हर हाल में शूकर करे 'संजय',
तेरी दया से चलता गुजारा है,
मेरे श्याम प्रभू इस जीवन का,
बस तू ही एक सहारा है।bd।

---

मेरे श्याम प्रभु इस जीवन का,
बस तू ही एक सहारा है,
मैं कुछ भी नहीं तुझ बिन बाबा,
तू ही आधार हमारा है,
मेरे श्याम प्रभू इस जीवन का,
बस तू ही एक सहारा है।bd।

स्वर – संजय पारीक जी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com